हादसा — ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, बच्ची के शव के टुकड़े सड़क पर बिखरे

# जीजा-साली को 20 मीटर घसीटा

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर के मूनलाइट गार्डन के पास रविवार को बाइक सवार 3 लोगों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में जीजा-साली की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। बाइक सवार करीब 20 मीटर तक घसीटते रहे। बच्ची के शरीर के टुकड़े सड़क पर चिपक गए। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान मानसी धानक (9) और नर्मदापुरम निवासी सोमनाथ धानक (22) के रूप में की गई है। वहीं रायसेन निवासी हल्के धानक गंभीर रूप से घायल है। मुंह, सिर और पेट में गंभीर चोटें आई हैं। हादसा इतना भीषण था कि पुलिस को साली मानसी के शव के टुकड़ों को पॉलिथीन में समेटना पड़ा।



## बच्चे के जन्म की खुशियां मनाने आए थे

पुलिस ने बताया- नर्मदा प्रसाद धानक के छोटे दामाद हल्के धानक, जो रायसेन जिले के रहने वाले हैं। उनके घर कुछ दिन पहले बच्चे का जन्म हुआ था। परिवार में खुशी का माहौल था। इसी खुशी को रिश्तेदारों के साथ साझा करने के लिए नर्मदा प्रसाद की बेटी मानसी और बड़े दामाद सोमनाथ धानक खमरिया गांव पहुंचे थे। रविवार को तीनों रिश्तेदारों के घर लड्डू बांटने निकले थे। कई जगह मिठाई बांटने के बाद दोपहर करीब 12:24 बजे वे बाइक से वापस लौट रहे थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे तीनों की बाइक नरसिंहपुर जिला मुख्यालय की मंडी रोड स्थित मूनलाइट गार्डन के आगे पहुंची।

## मंडी रोड पर सामने आया मौत बनकर तेज रफ्तार ट्रक

इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक (एमपी-09 एचजी-8327) ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक कई फीट दूर जा गिरी। तीनों सवार सड़क पर उछल पड़े। इससे पहले कि वे संभल पाते, ट्रक का पहिया मानसी और सोमनाथ के ऊपर से गुजर गया।

## सड़क पर बिखर गए शरीर के टुकड़े

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद मासूम मानसी ट्रक के नीचे फंस गई। करीब 20 से 25 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। पहियों के लगातार दबाव से उसका शरीर के कुछ हिस्से सड़क पर चिपक गए। सड़क पर मांस के लोथड़े बिखरे पड़े थे। हादसे की सूचना मिलते ही स्टेशनगंज थाना पुलिस करीब दस मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई। लेकिन तब तक मानसी की मौत हो चुकी थी। सड़क पर शव के टुकड़े अलग-अलग जगह बिखरे हुए थे। पुलिसकर्मियों ने शव के लोथड़ों को एकत्र किया।

## अस्पताल में चली जिंदगी बचाने की जंग

वहीं हादसे के तुरंत बाद गंभीर रूप से घायल सोमनाथ धानक और हल्के धानक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद सोमनाथ की हालत अत्यंत गंभीर देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उन्हें एंबुलेंस से जबलपुर ले जा रहे थे, लेकिन गोटेगांव के पास उनकी हालत और बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसके बाद उनके शव को गोटेगांव के सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखा गया।

## अनबैलेंस हो गई थी बाइक, ट्रक ऊपर से गुजरा

स्टेशनगंज थाना प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया- बाइक अनबैलेंस होने के कारण गिर गई थी, जिसके बाद पीछे से आ रहा ट्रक मानसी और सोमनाथ के ऊपर से गुजर गया, जबकि हल्के रोड के दूसरे छोर पर गिरा था। उसे कम चोटें आई हैं। आगे की जांच जारी है।

### घायल हल्के धानक का जिला अस्पताल में इलाज जारी

हादसे में घायल हल्के धानक का इलाज नरसिंहपुर जिला अस्पताल में किया जा रहा है। डॉक्टर्स की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है। फिलहाल उनकी स्थिति पर अस्पताल प्रशासन नजर बनाए हुए है। वहीं पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया है। स्टेशनगंज पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना कैसे हुई, ट्रक की रफ्तार कितनी थी और चालक की भूमिका क्या रही, इन सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**नवभारत/नरसिंहपुर।** विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल ने रविवार को पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रीछा में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। विधायक पटेल ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की कि वे जन्म से 5 वर्ष तक की आयु के अपने सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल, बीएमओ राजकिशोर कौरव, एच.एस. ठाकुर, विनोद प्रजापति, हेमंत सोनी, चंदा थापा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हाईटेक हुआ गोटेगांव, ATM से कैश निकालने पहुंची गाय

**नवभारत/ गोटेगांव।** एक ओर सरकारें और नगर निकाय गौ रक्षा और आवारा पशुओं के प्रबंधन के लंबे-चौड़े दावे करते हैं, वहीं दूसरी ओर गोटेगांव से आई एक तस्वीर इन दावों की पोल खोलती नज़र आ रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीर में नगर के व्यस्त रिपटा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के एटीएम बूथ के अंदर एक गाय खड़ी दिखाई दे रही है। तस्वीर में ऐसा प्रतीत होता है मानो वह कतार में खड़े होकर पैसे निकालने की मुद्रा में मशीन को देख रही है। यह नज़ारा न केवल हास्यास्पद है, बल्कि शहर की प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल भी खड़े करता है। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि एटीएम बूथों पर सुरक्षा गार्ड्स की तैनाती नहीं है, जिससे कोई भी जानवर आसानी से प्रवेश कर सकता है। इससे एटीएम की सुरक्षा के साथ-साथ वहाँ मौजूद लोगों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस गाय को वहाँ से कैसे और किसने हटाया। यह तस्वीर गोटेगांव नगर में आवारा पशुओं की बेकाबू समस्या को भी उजागर करती है। शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमते पशु न केवल यातायात बाधित करते हैं, बल्कि अब एटीएम जैसे संवेदनशील स्थानों पर भी नज़र आने लगे हैं। यह दर्शाता है कि नगर प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद नागरिकों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि यह तस्वीर नगर की दुर्दशा और प्रशासनिक लापरवाही का सटीक चित्रण है। लोग प्रशासन से आवारा पशुओं के प्रबंधन और एटीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। यह घटना एक गंभीर चेतावनी है। यदि प्रशासन जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं करता, तो ऐसी घटनाएं भविष्य में बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। गोटेगांव में अब डिजिटल इंडिया के साथ-साथ आवारा पशुओं के हाईटेक अंदाज की चर्चा जोरों पर है।



# एसडीएम दफ्तर का घेराव : गाडरवारा में किसानों का प्रदर्शन

**नवभारत/ गाडरवारा ।** क्षेत्र में किसानों का आक्रोश शनिवार को उस समय खुलकर सामने आया जब शत-प्रतिशत मूंग खरीदी, खाद-बिजली संकट और फसलों के उचित मूल्य की मांग को लेकर हजारों किसान सड़कों पर उतर आए। किसानों ने पहले कृषि उपज मंडी में विशाल सभा आयोजित की और इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। तपती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद क्षेत्र के विभिन्न गांवों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली, बैलगाड़ियों और पैदल मार्च करते हुए गाडरवारा पहुंचे। मंडी परिसर में आयोजित सभा में किसान नेताओं ने सरकार और प्रशासन पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। सभा के बाद किसानों का विशाल जनसैलाब एसडीएम कार्यालय पहुंचा, जहां स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गई। हजारों किसानों की भीड़ कार्यालय परिसर में पहुंचते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को एसडीएम कार्यालय के मुख्य चैनल गेट बंद करने पड़े। किसानों ने बंद गेट के बाहर बैठकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण तहसील परिसर और आसपास के मार्गों पर घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर 48 घंटे के भीतर ठोस एवं लिखित निर्णय नहीं लिया गया, तो पूरे जिले में चक्काजाम और बेमियादी आंदोलन शुरू किया जाएगा। किसानों का कहना है कि मूंग खरीदी में हो रही परेशानियां, खाद की उपलब्धता और बिजली आपूर्ति की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। उन्होंने शासन से तत्काल समाधान की मांग की है। इस अभूतपूर्व प्रदर्शन ने क्षेत्र की कृषि समस्याओं को एक बार फिर प्रमुखता से सामने ला दिया है और अब सभी की निगाहें प्रशासन एवं शासन की आगामी कार्यवाही पर टिकी हैं।

## जिला चिकित्सालय में 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की दवा

**नरसिंहपुर।** पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में रविवार को रेडक्रास सोसयाटी नरसिंहपुर के चेयरमेन डॉ. अनंत दुबे, श्री सुनील कोठारी व अन्य चिकित्सकों ने जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। यह अभियान जिले में 30 जून तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने सभी अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने पांच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाएं।

### एक नजर में

## शहडोल जिले के स्वास्थ्य केंद्रों हेतु 24 चिकित्सक हुए पदस्थ

**शहडोल ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 24 चिकित्सा अधिकारियों की शहडोल जिले में पदस्थापना कर दी गई है। सभी डॉक्टरों ने अपने-अपने पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे जिले में चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी और ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी,हमारा प्रयास है कि जिले के प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए, नए डॉक्टरों के आने से स्वास्थ्य व्यवस्था निश्चित रूप से और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने ने बताया कि जिला चिकित्सालय शहडोल, सिविल अस्पताल ब्यौहारी, बुढार और जयसिंहनगर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर, गोहपारू, सिंहपुर, ब्यौहारी, बुढार, पपौंध, सिरौजा, धनपुरी, जैतपुर, बाणसागर, करकटी, निपनिया, बेलदरा और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापना की गई है।



## महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज का संभाग स्तरीय समारोह आयोजित

**शहडोल।** माहेश्वरी समाज ने अपने वंशोत्पत्ति दिवस महेश नवमी को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर संभाग स्तरीय कार्यक्रम 28 जून 2026 को होटल लेवल वन, आहूजा मार्केट, शहडोल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों द्वारा भगवान शिव की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से भगवान शिव की आरती एवं ? जय जगदीश हरे का गायन किया। महिलाओं ने भजन सुनता है सबकी विनती मेरा भोलेनाथष् की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। माहेश्वरी महिला मंडल की वनिता लखोटिया, एम.एल. मंत्री, कमल कुमार मूंदड़ा, आलोक खटोड़ एवं अरविंद बियानी ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि माहेश्वरी समाज का मूल मंत्र ष्सेवा, त्याग और सदाचारष् है, जिसे अपनाकर सभी को आगे बढ़ना चाहिए। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, एकता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने का संदेश भी दिया। वरिष्ठजनों ने महेश नवमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से धार्मिक एवं सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान स्वादिष्ट नाश्ते की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें हिमांश मूंदड़ा, प्रिंसा भंडारी एवं जानवी मूंदड़ा ने राजस्थानी परिधान में अपनी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आदेश खटोड़, डॉ. मंजूला मूंदड़ा, दीपा पचीसिया, सुनीता मूंदड़ा एवं रितु मूंदड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त कर समाज को नई दिशा देने का संदेश दिया। माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने माहेश्वरी हैं हम गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने सराहना की। दीपा पचीसिया एवं सुरभि लखोटिया ने भी भजनों की प्रस्तुति दी।इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में हिमांश मूंदड़ा, कनिका खटोड़, सेतु बियानी एवं अंश मूंदड़ा को सम्मानित किया गया। वहीं मानसी मूंदड़ा को गोल्ड मेडल प्राप्त होने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। युवा माहेश्वरी संगठन द्वारा विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनका सभी ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात तंबोला गेम का आयोजन हुआ तथा शाम 4 बजे चाय के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में शहडोल, बुढार, अमलाई, चचाई, धनपुरी, अनूपपुर एवं जैतहरी से माहेश्वरी समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। माहेश्वरी समाज के जिलाध्यक्ष आदेश खटोड़ ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अजय मूंदड़ा ने किया।

# दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत बरकरार

**नवभारत/ करेली।** विगत दिवस 28 जून को करेली शहर में बने पल्स पोलियों बूथों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जिंदगी सुरक्षित करने की खुराक पिलाई गई। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत नगर की हनुमान वार्ड आंगनवाड़ी 55,66 क्रमांक बूथ में दोनों बूथों के कुल 127 बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक खुराक पिलाकर उनके शरीर को स्वस्थ सुरक्षित और उज्वल भविष्य के संकल्प को सशक्त किया गया। दो बूंद जीवन रक्षक दवा पिलाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुभद्रा चढ़ार,आशा कार्यकर्ता राजलक्ष्मी अग्रवाल,आंगनवाड़ी सहायिका रानी ठाकुर,आशा कार्यकर्ता,दोनों बूतों को मिलाकर कितनी दवाइयां पिलाई की सक्रिय भूमिका रही।



# मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रविवार को सिविल अस्पताल गोटेगांव में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जन्म से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। इस दौरान जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अस्पताल का स्टाफ मौजूद था। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यद्यपि देश ने पोलियो उन्मूलन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, तथापि पड़ोसी देशों में पोलियो के मामले सामने आने के कारण निरंतर सतर्कता एवं सक्रिय जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर एवं दिव्यांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए यह आवश्यक है कि जन्म से 5 वर्ष तक की आयु का प्रत्येक बच्चा पल्स पोलियो अभियान के दौरान पोलियो की दो बूंद अवश्य ग्रहण करे। मंत्री श्री पटेल ने जिले के समस्त अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं।



## मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने किया ग्राम नोनी करेली कलां में पौधरोपण

**नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्राम नोनी करेली कलां में नर्मदा जी के सिद्ध घाट पर पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों व स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता से करीब 600 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान 66 चंदन के पौधों का विशेष रूप से रोपण किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसंकल्प का प्रतीक है। मंत्री श्री पटेल ने लगभग 3 एकड़ क्षेत्र में स्थानीय स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित मधुमक्खी पालन का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक श्री महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अधिकारी-कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। नर्मदा समृद्धि परियोजना के अंतर्गत ग्राम नोनी करेली कलां में 22 एकड़ भूमि को सुरक्षित कर उसे विकसित हरित क्षेत्र में परिवर्तित करने का महत्वाकांक्षी कार्य प्रगति पर है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेंद्र सिंह नागेश ने बताया कि नर्मदा समृद्धि परियोजना के अंतर्गत नर्मदा तट पर पॉलीथिन प्रतिबंधित, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# साईंखेड़ा में रातोंरात बदला गया जला ट्रांसफार्मर

**नवभारत/ साईंखेड़ा।** शनिवार रात लगभग 11 बजे नगर परिषद के सामने स्थित थाना फीडर का ट्रांसफार्मर तकनीकी खराबी के कारण अचानक जल गया। इसके चलते मुख्य बाजार, झिकोली रोड सहित आसपास के कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। गर्मी, उमस और मच्छरों से परेशान लोगों ने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संपर्क कर समस्या से अवगत कराया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के ओआईसी गोविंद डेहरिया ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कराई। उनके निर्देशन में रात करीब 11:30 बजे गाडरवारा से नया ट्रांसफार्मर वाहन के माध्यम से साईंखेड़ा लाया गया। इसके बाद रात 12 बजे से तड़के 2 बजे तक बिजली विभाग की टीम ने जेसीबी की सहायता से जले हुए ट्रांसफार्मर को हटाकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया। इस कार्य में परसोत्तम श्रीवास, सोनू साहू एवं संजू पटेल सहित विभागीय कर्मचारियों ने लगातार मेहनत कर समय रहते बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। रात्रि में ही बिजली चालू होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली। मोहल्लेवासियों ने बिजली विभाग की त्वरित कार्यशैली, ओआईसी गोविंद डेहरिया तथा पूरी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यदि ट्रांसफार्मर बदलने में देरी होती तो भीषण गर्मी में लोगों को पूरी रात भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता।



## चलती ऑटो से मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार तीन बदमाश

**नवभारत,जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत देवताल के पास बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने एक युवक के हाथ से चलती ऑटो में मोबाइल झपट लिया और पलक झपकते ही रफूचक्कर हो गए। पुलिस के मुताबिक, सिवनी जिले के लखनादौन अंतर्गत ग्राम धूमा का रहने वाला करन जायसवाल (23) सिवनी में ही श्री श्याम मोबाइल नाम की दुकान चलाता है। करन किसी काम से जबलपुर आया था। अंधमूक बायपास पर बस से उतरने के बाद वह मुख्य रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक ऑटो में सवार हुआ था। जब ऑटो गढ़ा के हितकारिणी स्कूल देवताल के पास से गुजर रही थी, तभी करन ने किसी से बात करने के लिए अपनी जेब से मोबाइल निकाला। इसी दौरान पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन युवक आए।

# मन की बात कार्यक्रम का खन्नौधी में सामूहिक श्रवण

## कार्यकर्ताओं ने लिया जनजागरण का संकल्प

**नवभारत, गोहपारू ।** गोहपारू मंडल के खन्नौधी में रविवार को आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खन्नौधी के तीनों बूथों के कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ अध्यक्ष सुजीत गौतम के निवास पर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा शहडोल के जिला महामंत्री पुष्पेन्द्र पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान करते हुए कहा कि 'मन की बात' समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी कार्यक्रम है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र चतुर्वेदी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष राजबहादुर मिश्रा, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष शिवम सिंह तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता आनंतकांत गौतम सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।



## दस आरोपियों पर ईनाम घोषित

**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के थानों में दर्ज अपराधों में लंबे से फरार चल रहे दस आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है। जानकारी के अनुसार बेलखेड़ा थाने में दर्ज हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण में फरार आरोपी हेमराज उर्फलक्खू लोधी 28 वर्ष, चरन सिंह लोधी 40 वर्ष दोनों निवासी ग्राम पिपरिया कला पर दर्ज हजार, मदनमहल थाने में दर्ज हत्या करने की नीयत से बॉटल में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाकर छत पर फेंकने वाले अज्ञात आरोपी पर पांच हजार, मदनमहल थाने में दर्ज एक अन्य प्रकरण में हर्ष यादव, श्रीकांत राय पर पांच हजार, माढ़ोताल थाने में दर्ज धोखाधड़ी के प्रकरण में राकेश गुप्ता गोपाल दास गुप्ता, लखन नायक पर चार-चार हजार रूपए का ईनाम घोषित किया है।



## उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**शहडोल।** आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर (शिक्षकों) के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यूएनएफपीए एवं बीएमएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं विशेषताओं के संबंध में शिक्षकों को जागरूक करना तथा अनुभवात्मक सीख चक्र (एक्सपीरिएंशियल लर्निंग साइकिल) के विभिन्न चरणों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने की प्रक्रिया से अवगत कराना था। इसके अलावा शिक्षक प्रशिक्षण तकनीक, जीवन कौशल एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीपीसी अरविंद कुमार पांडे ने कहा कि सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में उत्साहपूर्वक छात्रों के साथ इन गतिविधियों का संचालन करेंगे तथा आयोजित सत्रों की जानकारी एमआईएस पोर्टल पर नियमित रूप से दर्ज करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर संपूर्णा शुक्ला एवं प्रियंका सिंह ने विभिन्न विषयों पर प्रभावी एवं ज्ञानवर्धक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागी शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।इस अवसर पर जिला समन्वयक (आरकेएसके) प्रीति सिंह, जिला व्यावसायिक समन्वयक डेमन कुमार यादव, बीजीएमएस से अविनाश लखेड़ा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।